प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'अठारह' [12/3/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 1161]

परिशिष्ट–1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
National Highways Authority of India
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
(Ministry of Road Transport and Highways)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
Project Implementation Unit,
14, सम्पत हिल्स, सहारा सिटी के सामने, इन्दौर–देवास बायपास,
14, Sampat Hills, Opp. Sahara City, Indore-Dewas Bypass,
बिचौली मर्दाना, इन्दौर (म.प्र.) 452016
Bicholi Mardana, Indore (M.P.) 452 016

दूरभाष/Phone : 0731-4975994
फैक्स/ Fax : 0731-
e-mail : Indore@nhai.org
nhaiindore@gmail.com

भा.रा.रा.प्रा. / परि.का.इ. / इन्दौर / पी.क्यू. / 2018 / 694 दिनांक 22.02.2018

प्रति,

मुख्य महाप्रबंधक / क्षेत्रीय अधिकारी,
क्षेत्रीय कार्यालय,
ई–2 / 167, अरेरा कॉलोनी,
हबीबगंज स्टेशन के पास,
भोपाल (म.प्र.) 462016

विषय : **आगरा–बाम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग / एन.एच.03 फोरलेन पर तकनीकी त्रुटियों के सुधार के संबंध में। विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1161 (सदन में उत्तर देने का दिनांक 12.03.2018) द्वारा श्री कालुसिंह ठाकुर।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि परियोजना कार्यान्वयन इकाई, इन्दौर से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :–

स.क्र.	प्रश्न	उत्तर
(क)	**लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आगरा बाम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग /एन.एच. 03 फोरलेन पर मानपुर के समीप गणपति घाट में निर्माण अवधि से निरन्तर हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु शासन द्वारा घाट के ढलान आदि में रह गई तकनीकी त्रुटि आदि ज्ञात करने हेतु किस-किस स्तर के किन-किन तकनीकी विशेषज्ञों से कब-कब स्थल निरीक्षण करवाया गया ?**	राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 (इन्दौर–खलघाट खण्ड) के निर्माण पश्चात् आवश्यक तकनीकी एवं सुरक्षा निरीक्षण किया गया था, जिसमें कोई तकनीकी त्रुटी नहीं पाई गई तथा इस मार्ग पर सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए Final COD दिनांक 20.12.2009 को स्वीकृत की गई थी। उक्त मार्ग के निर्माण के पश्चात् दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए भा.रा.रा.प्रा. / कंसेशनायर / स्वतंत्र / सुरक्षा परामर्शदाता द्वारा समय–समय पर निरीक्षण किया जाता रहा है। निरीक्षण के दौरान बताए गए आवश्यक सुरक्षा उपाय एवं सुझावों को कंसेशनायर द्वारा सतत् कियान्वयन किया जा रहा है। गणपति घाट में दुर्घटनाओं को पूर्ण रूप से रोकने हेतु दीर्घकालिक समाधान हेतु लगभग 7 किमी का एक वैकल्पिक/ परिवर्तित 6 लेन मार्ग प्रस्तावित किया है, जिसका डी.पी.आर. मेसर्स **Intercontinental Consultants &Technocrats Pvt. Ltd.** द्वारा किया जा रहा है जो कि पूर्णता की ओर है एवं रिपोर्ट आने के पश्चात् ही वैकल्पिक/ परिवर्तित मार्ग के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी।

(ख)	**तकनीकी विषेषज्ञों द्वारा डी.पी.आर. मे निर्धारित मापदण्ड एंव गणपति घाट के स्थल निरीक्षण उपरांत क्या-क्या तकनीकी कमियाँ पाई गई ? घाट में दुर्घटनाऐं रोकने हेतु क्या-क्या सुधारात्मक तकनीकी सुझाव दिये गये ?**	राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 (इन्दौर–खलघाट खण्ड) के निर्माण पश्चात् आवश्यक तकनीकी एवं सुरक्षा निरीक्षण किया गया था, जिसमें कोई तकनीकी त्रुटी नहीं पाई गई तथा इस मार्ग पर सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए Final COD दिनांक 20.12.2009 को स्वीकृत की गई थी। घाट में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु भा.रा.रा.प्रा./कंसेशनायर /स्वतंत्र/सुरक्षा परामर्शदाता/ द्वारा समय–समय पर स्थल निरीक्षणों के दौरान सुझाए गए आवश्यक अल्पकालिक/दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों को कंसेशनायर द्वारा सतत् अनुपालन किया जा रहा है। जैसे : **अल्पकालिक उपाय :** रम्बल स्ट्रिप, हाईमास्ट, MBCB, लेन मार्किंग, संकेतक बोर्ड, पुलिस चौंकी इत्यादि। **दीर्घकालिक उपाय :** गणपति घाट में दुर्घटनाओं को पूर्ण रूप से रोकने हेतु लगभग 7 किमी का एक वैकल्पिक/ परिवर्तित 6 लेन मार्ग प्रस्तावित किया है।
(ग)	**तकनीकी विषेषज्ञों द्वारा सुझाये गये कौन-कौन से सुधार कार्य कब-कब, कितनी-कितनी लागत से करवाये गये ?**	अनुबंधानुसार मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सुझाए गये सुरक्षा उपायों को कंसेशनायर द्वारा सतत अनुपालन किया जा रहा है।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

(रविन्द्र गुप्ता)
परियोजना निदेशक
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, इन्दौर

प्रतिलिपिः–

- मुख्य अभियन्ता (रा.रा.परि.), कार्यालय मुख्य अभियन्ता, लोक निमाण विभाग "निर्माण भवन", प्लाट नं. 27–28, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।